## Headline

1. **Passport Portal Shut: ऑनलाइन पासपोर्ट पोर्टल पांच दिनों के लिए बंद, सभी अपॉइंटमेंट फिर से शेड्यूल किए जाएंगे**

2. **Weather: दिल्ली-एनसीआर में बारिश से सड़कें पानी से हुई लबालब, जलभराव से परेशान लोग; जाम में फंसे यात्री**

3. **UP: सिस्टम को नचा रहे खूनी भेड़िये... स्पेशल टास्क फोर्स, ड्रोन-ट्रैप कमरे भी असहाय**

4. **Paralympics: खेल दिवस पर हौसलों के पैरालंपिक खेलों का आगाज, अनूठे उद्घाटन समारोह में दिखा खिलाड़ियों का जज्बा**

5. **Warren Buffett: बर्कशायर हाथवे के नाम नई उपलब्धि, एक लाख करोड़ के मार्केट कैप वाली पहली गैर आईटी कंपनी बनी**


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 47 | इंदौर, गुरुवार 29 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# मध्यप्रदेश के स्कूलों में 'यस सर' नहीं, 'जय हिंद' बोलेंगे बच्चे...

### मंत्री विजय शाह का आदेश- 'बढ़ेगी देश भक्ति की भावना'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। मध्य प्रदेश के स्कूलों में अब बच्चे यस सर या यस मैडम नहीं बोलेंगे। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के आदेश के अनुसार, उपस्थिति के दौरान बच्चे हाथ खड़ा करते हुए जय हिंद सर या जय हिंद मैडम बोलेंगे। मंत्री का मानना है कि इससे बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी।**

जिले का प्रभार मिलने के बाद बुधवार को पहली बार रतलाम आए विजय शाह ने सर्किट हाउस व रंगोली सभागृह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से मुलाकात के दौरान यह बात कही।

विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए मंत्री शाह ने शहर से 20 किमी के क्षेत्र में नई हवाई पट्टी के लिए भूमि चिन्हित करने व रतलाम को संभाग बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश कलेक्टर राजेश बाथम को दिए।

पत्रकारों से चर्चा में मंत्री शाह ने बताया कि संभाग व हवाई पट्टी के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर स्वीकृति दिलवाएंगे। एक्सप्रेस वे, निवेश क्षेत्र आने के चलते बड़े विमानों के संचालन के लिए हवाई पट्टी आवश्यक है।

नमकीन क्लस्टर के साथ ही एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र भी विकसित किया जाएगा। जिले में वर्ष भर सिंचाई वाले क्षेत्र में वृद्धि की जाएगी। अभी 10 प्रतिशत क्षेत्र में ही वर्षभर सिंचाई हो पाती है। इससे पलायन भी रूकेगा।



#### हर माह जिले का दौरा, रात्रि विश्राम जनपद में

मंत्री शाह ने कहा कि वे हर माह जिले का दौरा करने के साथ ही जिला मुख्यालय पर रात्रि विश्राम नहीं करते हुए जनपद के किसी गांव में रूकेंगे। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं से भी चर्चा कर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

#### परिवार में कोई बूढ़ा हो जाए तो जहर नहीं दे देते

रंगोली सभागृह में प्रभारी मंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान बरकरार रखें। हम कलश हैं और वे नींव का पत्थर। नींव हिलेगी तो कलश भी बिखर जाएगा। 75 वर्ष से अधिक उम्र के कार्यकर्ताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। परिवार में किसी की उम्र अधिक हो जाए, तो उसे जहर नहीं दे देते।

### सितंबर की शुरुआत भी तेज बारिश से

# भोपाल-इंदौर समेत 16 जिलों में आज धूप प्रदेश में अब तक 33.6 इंच बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में अब तक 33.6 इंच बारिश हो चुकी है। यह मानसून सीजन की 90% है। 3.7 इंच पानी और गिरते ही प्रदेश में सामान्य बारिश का आंकड़ा भी पार हो जाएगा। मंडला और सिवनी ऐसे जिले हैं, जहां 45 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। दतिया, रीवा, धार, मुरैना और इंदौर में सबसे कम बारिश हुई है। अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन सितंबर की शुरुआत तेज बारिश के साथ होगी।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, '29 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हो रहा है। लो प्रेशर एरिया भी 29-30 अगस्त से एक्टिव हो जाएगा। इसका प्रभाव 2 दिन बाद देखने को मिलेगा। 3 से 4 सितंबर तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है।'



#### इसलिए ऐसा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल मानसून ट्रफ समेत अन्य सिस्टम प्रदेश से दूर हैं। इस वजह से अगले 24 घंटे में प्रदेश में बारिश की खास एक्टिविटी नहीं रहेगी। कुछ जगहों पर हल्की बारिश जरूर हो सकती है।

#### बारिश के साथ तेज धूप निकली

प्रदेश में बुधवार को मौसम के दो रंग देखने को मिले। कहीं तीखी धूप निकली, तो कहीं बारिश हुई। उमरिया में करीब 1 इंच पानी गिरा। धार, खंडवा, खरगोन और उज्जैन में हल्की बारिश दर्ज की गई। दूसरी ओर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत अन्य जिलों में तेज धूप निकली। भोपाल में पारे में 1.7 डिग्री की बढ़ोतरी के बाद 31.6 डिग्री तापमान रहा। इंदौर में 28.2 डिग्री, ग्वालियर में 32.9 डिग्री, उज्जैन में 29.8 डिग्री और जबलपुर में पारा 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह नरसिंहपुर में 35 डिग्री, रीवा में 35.4 डिग्री और उमरिया में भी तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

# इंदौर में सड़कों से पानी उतरा, अब गड्ढों के बढ़ाई परेशानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में जलजमाव के बाद अब सड़कों पर हो रहे गड्ढे अब ट्रैफिक में बाधा खड़ी कर रहे है। इससे हादसे भी हो रहे है। बारिश का मौसम होने के कारण डामर प्लांट शुरु नहीं हो पाए है।

इस कारण पेचवर्क भी नहीं हो पा रहे है। रिंग रोड के सर्विस रोड पर तो आधा से एक फुट के गड्ढे हो चुके है। मंगलवार को तिलक नगर रोड पर एक रिक्शा अचानक पलट गया। बताया जा रहा है कि गड्ढे से बचने के लिए चालक ने रिक्शा डिवाइडर से टकर दी। इस हादसे में एक स्कूली बच्चे की मौत होत गई।

डामर की सड़कों के अलावा सीमेंट की सड़कों पर भी गड्ढे नजर आने लगे है। शहर के आंबेडकर नगर, खजराना, विजय नगर,



बाणगंगा, सदरबाजार सहित अन्य मार्गों पर गड्ढे हो चुके है। फिलहाल गहरे गड्ढों में निगम चूरी बिछा रहा है। मौसम खुलने के बाद पेचवर्क शुरू किया जाएगा।

### सबसे ज्यादा गड्ढे पूर्वी रिंग रोड पर

इंदौर में सबसे ज्यादा गड्ढे पूर्वी रिंग रोड पर है। यहां खजराना और मुसाखेड़ी में ब्रिज का काम चल रहा है। ट्रैफिक का दबाव सर्विस रोड पर है, लेकिन वहां आधे फीट के गड्ढे हो चुके है। खजराना चौराहे पर इस कारण यातायात भी बाधित हो रहा है। शहर के राऊ और स्वदेशी मिल ब्रिज पर भी गड्ढे हो चुके है और सरिए निकल आए है। बायपास से इंदौर की तरफ आने के लिए स्कीम-134 की कॉलोनियों में ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। इस कारण कॉलोनी की सड़कें खराब हो गई है।

### खराब सड़कों के कारण एक हजार से ज्यादा हादसे

शहर में बीते छह माह में ट्रैफिक विभाग के अनुसार 1850 से ज्यादा हादसे हुए है। इनमें एक हजार से ज्यादा हादसे खराब सड़कों के कारण हुए है। सड़क हादसों के कारण छह माह में 150 मौतें हो चुकी है। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने कहा कि पेचवर्क के टेंडर आमंत्रित किए है। जल्दी ही सड़कों को ठीक किया जाएगा।

## अभ्यास मंडल की 63 वीं व्याख्यानमाला आज से, देवी अहिल्या को होगी समर्पित

इंदौर। अभ्यास मंडल की 63 वीं वार्षिक व्याख्यानमाला गुरुवार से शुरू होने जा रही है। आठ दिवसीय व्याख्यानमाला में कला,राजनीति, कानून सहित अन्य क्षेत्रों के महारथी अपनी बातें रखेंगे। पहले दिन 29 अगस्त को अर्थशास्त्री प्रो.आशीष कुमार की व्याख्यान होगा। वे जिला विकास की धूरी विषय पर चर्चा करेंगे।

30 अगस्त को भारतीय लोक गायिका मालिनी अवस्थी लोक के आलोक में भारत विषय पर अपने विचार रखेंगी। 31 अगस्त को व्याख्यानमाला के वक्ता सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति राजेश बिंदल होंगे। वे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, अवसर और चुनौती विषय पर अपनी बात रखेंगे।




1 सितंबर को आईएएस संजीव चोपड़ा जय जवान जय किसान विषय पर संबोधित करेंगे।2सितंबर को कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा संवैधानिक मूल्य और चुनौतियां विषय पर बोलेंगे। 3 सितंबर को विचारक व चिंतक हरिदास यशवंत भारतीय ज्ञान परंपरा का युवाओं को संदेश विषय पर विचार रखेंगे। 4 सितंबर को पूर्व सांसद विकास महात्मे का व्याख्यान अदृश्य स्वास्थ्य व समृद्ध जीवन विषय पर आधारित होगा। व्याख्यानमाला जालसभा में आयोजित होगी। संयोजक अशोक कोठारी व सचिव माला ठाकुर ने बताया कि अभ्यास मंडल की यह 63 वीं कार्यशाला है।

देवी अहिल्या के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित इस व्याख्यानमाला इस बार देवी अहिल्या को समर्पित की गई है। वक्ता देवी अहिल्या के जीवन से जुड़े संस्मरण भी सुनाएंगे। शहर के हितों के लिए काम करने वाले अभ्यास मंडल ने मास्टर प्लान, ग्रामीण विकास, कान्ह नदी शुद्धिकरण, नर्मदा के पहले चरण सहित कई मुद्दों को दमदारी से उठाया। इससे शहर को फायदा भी हुआ।

# इंदौर में पार्षद पद के लिए सात उम्मीदवारों ने नाम भरा

## कांग्रेस ने दो प्रत्याशी उतारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में वार्ड क्रमांक 83 का पार्षद पद रिक्त है। यहां उप चुनाव हो रहे हैं। इसके लिए नाम भरने का आज आखिरी दिन था। आज सात उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भरा गया। कांग्रेस ने इस बार अपने डमी प्रत्याशी को कांग्रेस के मुख्य प्रत्याशी के साथ मैदान में सक्रिय बनाए रखने का भी प्लान बनाया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के अक्षयकांति बम का जो नाम वापस करवाया था उससे इस बार कांग्रेस ने सबक ले लिया है। यदि इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी किसी कारणवश आखिरी में चुनाव से अपना नाम वापस ले लेगा तो उसकी जगह कांग्रेस का डमी प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा और कांग्रेस चुनाव में प्रत्याशी विहीन नहीं होगी। कांग्रेस ने इस बार विकास जोशी को अपना उम्मीदवार बनाया है और कांग्रेस के डमी प्रत्याशी के रूप में संजय पप्पू मालवीय को खड़ा किया है।



### यह लड़ेंगे पार्षद का चुनाव

इनमें विकास जोशी (इंडियन नेशनल कांग्रेस), संजय मालवीय (इंडियन नेशनल कांग्रेस), जितेन्द्र राठौर (भारतीय जनता पार्टी), योगेन्द्र मौर्य (निर्दलीय), पारस जैन (आम आदमी पार्टी), पूजा साहनी (बहुजन समाज पार्टी) तथा विनोद सिंह सूर्यवंशी (निर्दलीय) शामिल हैं।

### 31 अगस्त तक नाम वापस ले सकते हैं नेता

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 29 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे से कक्ष क्रमांक 101 (न्यायालय कक्ष) कलेक्टर कार्यालय इंदौर में की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 31 अगस्त 2024 तक रहेगी। नाम निर्देशन पत्र उक्त अवधि में दोपहर 03 बजे तक वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची चुनाव चिन्ह के आवंटन का कार्य 31 अगस्त 2024 को ही अभ्यर्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद होगा।

### कब होगा मतदान

चुनाव के लिए मतदान 11 सितंबर बुधवार को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 13 सितंबर 2024 को प्रातः 09 बजे से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम इंदौर में होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में उक्त चुनाव की तैयारी करवाई जा रही है। इसी तरह जिले में विभिन्न पंचायतों के विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भी प्रक्रिया जारी है। इनके लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि भी आज थी। जनपद पंचायत देपालपुर के वार्ड क्रमांक 23 में जनपद सदस्य के लिए कुल मात्र एक ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। इसी तरह खाती पिपलिया, पिपलिया मल्हार, गुरान और अहिरखेड़ी पंचायतों में रिक्त एक-एक पंच पदों के लिए भी कुल एक-एक ही नामांकन दाखिल हुए हैं।

# इंदौर से बेंगलुरु के लिए एक और सीधी फ्लाइट का संचालन 1 सितंबर से

- बेंगलुरु के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट की बुकिंग सोमवार से शुरू कर दी है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एयर इंडिया एक्सप्रेस इंदौर से बेंगलुरु के बीच एक उड़ान शुरू करने जा रही है। इससे यात्रियों को बेंगलुरु से चलने वाली इंटरनेशनल फ्लाइट्स लेने में आसानी होगी। इंदौर से बेंगलुरु के लिए अभी तीन फ्लाइट्स चल रही हैं। विंटर सीजन में हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता उड़ान शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस एक बजट एयरलाइन है.इंदौर से बेंगलुरु के लिए एक और सीधी फ्लाइट का संचालन 1 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इस फ्लाइट का संचालन वर्तमान में इंदौर से दुबई और शारजाह के लिए फ्लाइट का संचालन करने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस करेगी। एयरलाइंस कंपनी ने इंदौर से बेंगलुरु के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट की बुकिंग सोमवार से शुरू कर दी है। एयरलाइंस कंपनी ने बुकिंग शुरू करने के साथ ही इसका शेड्यूल भी अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया है।

इंदौर एयरपोर्ट से एक सितंबर को शुरू होंगी बेंगलुरु के लिए फ्लाइट।

फ्लाइट दोपहर 1.30 बजे रवाना होगी और 3.30 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस अभी शारजाह के लिए यहां से चला रही फ्लाइट।

## ऑन लाइन पद्धति से विद्युत कार्मिकों के स्वैच्छिक तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के हित एवं कर्मचारी हित, कर्मचारी कल्याण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग किया जा रहा है। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के आदेशानुसार कार्मिकों को स्वैच्छिक तबादले के आवेदन भी पोर्टल पर लिए जा रहे है। इसी आधार पर कंपनी प्रबंधन तबादले आदेश जारी कर रहा है। मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि मंगलवार को इसी क्रम में 50 से ज्यादा इंजीनियरों के तबादले स्वैच्छिक ऑन लाइन आवेदन के क्रम में जारी किए गए। इन कार्मिकों में कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री शामिल हैं।

# ग्राम पंचायतों में डेंगू के प्रकोप एवं गंदगी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा एसडीएम को दिया ज्ञापन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** देपालपुर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जिला संघ अध्यक्ष राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में नगर पंचायत क्षेत्र, व जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप,व गंदगी को लेकर एसडीएम रवि वर्मा को ज्ञापन सोपा । ज्ञापन में मांग की गई जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र, व ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों का सर्वे कर उनका उपचार होवे , व फोक मशीन से मच्छरों की दवाई का छिड़काव किया जावे। साथ ही नगर पंचायत द्वारा संचालित मंगलवारिया हॉट में आए दिन पशु मर जाते हैं, और नगरीय क्षेत्र के मृत पशुओ को भी यही खुले में छोड़ दिया जाता है, जिससे ग्राम पंचायत तकीपुरा के निवासरत लोगों को बदबू एवं गंदगी से जूझना पड़ता है, यदि समय रहते उक्त समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। तो यह समस्या महामारी का रूप ले लेगी,इन्ही समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बड़वाया, पूर्व पार्षद आजम खान, पूर्व पार्षद निराला डांगर, कांग्रेस नेता दिलीप खेर, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पटेल, रामचरण दयाल ब्लॉक का युवा कांग्रेस अध्यक्षनिर्भय सिंह सोलंकी, इकबाल मंसूरी,मुकेश सेन, सादिक मंसूरी, सुरेश नागर, देवनारायण चौधरी, मानसिंह गोड, मुन्नालाल मुकाती, जितेंद्र बड़वाया, फारुख मंसूरी, निरंजन नागर, विकास जाधव,कमल चंदेल, गोलू जिरात, आदि कांग्रेस जन की उपस्तिथि में ज्ञापन सौपा।

# श्वेतांबर जैन समाज के पर्यूषण पर्व की जोर-शोर से तैयारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** 31 अगस्त से पर्युषण पर्व की शुरुआत होने वाली है जो 7 सितंबर संवत्सरी पर्व के साथ क्षमापन होगा इस पर्व में महिलाएं पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में सुबह से मंदिर जाकर पूजा अर्चना प्रवचन सामूहिक प्रतिक्रमण एवं मंदिर जी में भक्ति का आयोजन होता है और रोज भगवान की अंग रचना बनाई जाती है मंदिर सजाया जाता है अमावस्या के दिन बड़ा कल्प होता है एकम के दिन जन्म वाचन होता है और दोनों समय का स्वामी वस्तल नगर में जुलूस का आयोजन किया जाता है देपालपुर नगर में एक बहुत अच्छी विशेषता है जो बुजुर्ग मंदिर जाने में असमर्थ होते हैं उनको विहार सेवा युवा वर्ग मंडल भगवान को घर ले जाकर उनकी पूजा दर्शन करवाते है यह बहुत ही अच्छा कार्य देपालपुर नगर में होता हे यह सम्प्रति राजा के समय की प्राचीन चमत्कारी श्री शांतिनाथ भगवान की मूल नायक है यहां पर महावीर स्वामी भगवान का मंदिर पार्श्वनाथ भगवान का मंदिर दादावाड़ी दादा गुरुदेव की मौजूद है और सभी जगह विद्युत सज्जा बहुत ही सुंदर होती है इन दिनों जीव हिंसा नही होती थी और वो तो कतल हैं खाने बंद करवाने का होता हे 13 तारीख को धूप दसवीं का आयोजन मेहता परिवार की ओर से वर्षो से किया जा रहा है इस दिन श्री शांतिनाथ भगवान की अंग रचना मंदिर सजाया जाता है विद्युत लगाई जाती है वह भक्ति का बहुत बड़ा आयोजन किया जाता है इस दिन दिगम्बर समाज बाजे के साथ श्वेताम्बर मंदिर जाते हे और सुगंध दशमी पर धूप चढ़ाई जाती है वा भक्ति करते हे और नगर में बहुत अच्छी बात हे क्षमापना वाले दिन सभी एक दूसरे के घर जाते हैं और मिच्छामी दुकान क्षमा याचना करते हैं।

# पीड़ित बुजुर्गों समस्याएं सुनकर किया निराकरण

## पुलिस पंचायत में पहुंचे मामले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परिजनों और अन्य लोगों से परेशान पीड़ित बुजुर्गों के लिए पुलिस पंचायत ने संजीवनी का काम किया। पंचायत के सदस्यों ने न सिर्फ समस्याएं सुनी, बल्कि अपने स्तर पर उनका निराकरण भी किया। जिन बुजुर्गों की समस्या खत्म हुई, वह खुश होकर अपने घर लौट गया। कलेक्टोरेट के प्रशासनिक संकुल में पुलिस पंचायत का आयोजन प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। यहां सुनवाई के पहले आवेदन लिए जाते हैं। समयसीमा सुबह 11 से 1 बजे तक आवेदनों की सुनवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष होती है।

आजाद नगर थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत वृद्ध महिला ने कहा कि बेटा-बहू अलग-अलग हो गए हैं बहू ससुराल से चली गई तो बेटा कहीं चला गया है। इस पर टीम ने बेटे-बहू को बुलाकर जानकारी प्राप्त की गई। बहू ने आरोप लगाया कि मेरे पति किसी अन्य महिला के साथ चले गए थे तो मैं यहां क्यों रहूं। पंचायत ने दोनों की काउंसलिंग की। इसके बाद बेटे- बहू दोनों साथ-साथ रहने की बात पर तैयार हो गए। एरोड्रम क्षेत्रान्तर्गत निवासी रिटायर्ड कांस्टेबल (पुलिस विभाग से) के मकान की पहली मंजिल पर बेटे-बहू ने कब्जा कर किसी को किराए पर दे दिया। किराया भी वे ही ले रहे हैं। बुजुर्ग को घर से निकाल दिया। रिटायर्ड कांस्टेबल किराए के घर मे रह रहे हैं। पंचायत में काउंसलिंग के बाद बहू ने किराया ससुर को दिलाने की सहमति दी।

परदेशीपुरा थाना अंतर्गत रहने वाले वृद्ध ने बताया कि बेटे-बहू परेशान करते हैं। पोता-पोती से मिलने नहीं दिया जाता है। बेटा भरण पोषण नहीं करता। काउंसलिंग के बाद बेटे ने भरण पोषण देने की बात की।

# दुष्कर्म के मामले में फरार सौतेला पिता गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नाबालिग बेटी से दुष्कर्म कर फरार हुए सौतेले पिता को द्वारकापुरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर ऐपुलिस उपायुक्त ने दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। यूपी, महाराष्ट्र और एमपी के कई जिलों में फरारी काटी। कुछ माह से इंदौर में पहचान छुपाकर रह रहा था। टीआई आशीष सप्रे ने बताया कि उसने दो साल पहले अपराध किया था। आरोपी पर पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज था। उसे गिरफ्तार करने के कई प्रयास किए, मगर सफलता नहीं मिली थी। मंगलवार को मुखबीर से सूचना मिली थी कि आरोपी सुनिल शर्मा खजराना क्षेत्र में देखा गया है। तत्काल उसे पकडऩे टीम को रवाना किया था। आरोपी खजराना के अलावा, सांई बाबा नगर, विजय नगर, हीरा नगर में किराए के कमरे में रहता था। सूत्रों ने बताया कि वह खजराना स्थित घर पर जन्माष्टमी के दिन राखी बंधवाने आया था। राखी बंधवाकर मंगलवार को वापस जा रहा था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने बचने वह हर बार मोबाइल नंबर बदल लेता था, जिससे उसकी लोकेशन पता नहीं चल पा रही थी। फरारी में आरोपी की मदद करने वालों को पुलिस सहआरोपी बनाएगी।

# सेंधवा से गांजा लाता था तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त पर कड़ाई से अंकुश लगाने पुलिस का आपरेशन क्ला अभियान चल रहा है। इसके अंतर्गत सेंधवा बार्डर से गांजा लाकर तस्करी करने वाला युवक तेजाजी नगर के हत्थे चढ़ा है। उसके पास से डेढ़ किलो गांजा और तस्करी में प्रयुक्त बाइक(कीमत 75 हजार रुपए) जब्त की है। जोन एक के एडिशनल पुलिस उपायुक्त आलोक शर्मा ने बताया कि अभियान में वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है। पुलिस की टीम सती टेकरी हनुमान मंदिर सर्विस रोड बायपास पर चैकिंग क रही थी। रही थी। उसी दौरान राऊ तरफ से बाइक चालक आता दिखाई दिया। उसे पुलिस ने चेकिंग पाइंट पर रोकने की कोशिश की तो उसने बाइक क्रमांक एमपी-09-एमजे-0827 की गति तेज कर ली। शंका होने पर पुलिस ने बाइक सवार का पीछा कर उसे पकड़ा। पकड़े गए युवक ने अपना नाम आशिक उर्फ आसिफ उर्फ मामा खान निवासी नायता मुंडला बताया। उसकी बाइक पर टंगे थैले की जांच की तो उसमें मादक पदार्थ निकला। आरोपी पर पूर्व में खजराना, आजाद नगर एवं तेजाजी नगर में जुआ एक्ट व एनडीपीएस के केस दर्ज हैं।

## सेल्स एक्जीक्यूटिव से रेप

# इंस्टाग्राम पर 2 साल से दोस्ती कर देता रहा शादी का झांसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआ में एक सेल्स एक्जीक्यूटिव से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी भिंड का रहने वाला है। जिसने दो साल तक दोस्ती का झांसा देकर पीड़िता को प्रेम संबंधो में उलझाकर रखा और कुछ दिन पहले विवाद कर भगा दिया। संपर्क नहीं होने पर परेशान पीड़िता ने सहेली को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद थाने आकर आरोपी पर केस दर्ज करा दिया।

भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक एक कॉल सेंटर पर सेल्स एक्जीक्यूटीव के पद पर काम करने वाली युवती की शिकायत पर अनुज पुत्र शिवभान राजावत निवासी ग्राम बगियापुरा तहसील लहार भिंड पर रेप का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शादी का झांसा देकर कई बार रेप किया। बाद में अपना मोबाइल बंद कर उसे ब्लॉक कर लिया।

पीड़िता ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2022 में दोनों की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। कुछ दिन बाद अनुज ने उसे प्रपोज किया और कहा कि वह शादी करना चाहता है। इसके बाद अपने काम के लिये इंदौर आ गया। इस बीच दोनों की बातचीत होती रही। एक दूसरे से मिलते रहे।24 अगस्त 2024 को अनुज इंदौर आया। शादी की बात करने का कहते हुए भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित अपने दोस्त राज राजावत के किराये के रूम पर पर ले गया। यहां शादी की बात के बीच फिर संबंध बनाने की जिद करता रहा। लेकिन युवती ने शादी के लिए जवाब मांगा। लेकिन इस बात को लेकर अनुज विवाद करने लगा। और मौके से भाग गया। वहां से निकलते ही युवती का नंबर भी ब्लॉक कर दिया। इसके बाद युवती ने अनुज की पुलिस से रेप की शिकायत कर दी।

# युवक से मारपीट, वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तुकोगंज पुलिस ने सोमवार रात लेडीज शॉप संचालक की शिकायत पर 5 से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ रंगदारी और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया। युवक अपनी मां के साथ मामा के घर पहुंचा। यहां पर आरोपियों ने उसे अकेला देखकर शराब के लिए रुपए मांगे। परिवार के लोग बचाने गए तो आरोपियों ने पथराव किया। हालांकि सोशल मीडिया पर इसका वीडियो एक दिन बाद वायरल हुआ है। तुकोगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार रात पंचम की फेल की है। 17 साल के निखिल ने बताया कि वह धार में रहकर लेडीज शॉप संचालित करता है। राखी के लिए जन्माअष्टमी पर मां के साथ नाना लक्ष्मीनारायण जूनवाल के घर आया था। रात में वह मोबाइल पर बात करते हुए टहल रहा था। करीब साढ़े 12 बजे के लगभग उमेश रानीवाल, दीपू गोटवाल, बीटू, प्रियांशु और विनायक व उसके साथी मिले। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों बाद दिखा है इधर गले में हाथ डाला ओर शराब पीने के लिये रुपए मांगे। इनकार किया तो विवाद करने लगे। इसके बाद मारपीट की। आवाज लगाने पर मां मंजू और मामा जितेन्द्र व अन्य लोग आए तो आरोपियों ने विवाद करते हुए ईंट और पत्थर फेंके। जिसमें निखिल और अन्य लोगों को चोट लगी। पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# घरेलू झगड़े में जीजाओं ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में घरेलू झगड़े में दो स्थानों पर जीजाओं ने अपने सालों की पिटाई कर दी। थाना द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार मारपीट का पहला मामला ऋषि नगर का है। पुलिस द्वारा अमित कौतुल की शिकायत पर उसके जीजा रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अमित ने पुलिस को बताया कि आरोपी रोहित उसकी बहन प्रीति का पति है। वह शराब के नशे में उसके घर आया और गालियां देते हुए कहने लगा कि वह काजी की चाल का नामी गुंडा है और आज यहां गुंडागर्दी करेगा। अमित और विवेक ने उसे रोका और जाने को कहा तो आरोपी ने लकड़ी के डंडे से मारपीट शुरू कर दी। थाना द्वारकापुरी पुलिस ने दूसरा केस सुमित पिता राजेश की शिकायत पर उसकी बहन प्रेरणा के पति मनीष निवासी ब्यावरा राजगढ के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन से बात कर रहा था इसी दौरान आरोपी मनीष उसके घर पहुंच गया और कहने लगा कि आज तुम्हें तुम्हारी औकात बताता हूं। सुमित ने विरोध किया तो आरोपी ने कुर्सी उठाकर सुमित के सिर पर ही दे, मारी जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# पानी की टंकी ,बाउंड्रीवाल और सड़क निर्माण का भूमि पूजन

**इंदौर।** इंदौर के वार्ड क्रमांक 49, महावीर नगर में पानी की टंकी की बाउंड्रीवाल और गोयल नगर से तिलक नगर तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हर्डिया और एमआईसी सदस्य व पार्षद राजेश उदावत ने भूमि पूजन किया। महावीर नगर की पानी की टंकी की बाउंड्रीवाल से सुरक्षा में वृद्धि होगी, जबकि नई सड़क से आवागमन सुगम होगा, जिससे इलाके के निवासियों को सुविधा प्राप्त होगी। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए इस तरह के कार्य महत्वपूर्ण हैं और सरकार इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# 12वीं पास ने 266 लोगों से ठगे करोड़ों रुपए

## नागालैंड से पकड़कर रतलाम लाई पुलिस

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**रतलाम ,(एजेंसी)। एमटीएफई (मेटावर्स फॉरेन एक्सचेंज ग्रुप इंक) क्रिप्टो करेंसी फ्रॉड केस में रतलाम पुलिस ने नागालैंड से एक आरोपी को पकड़ा है। 12वीं पास इस आरोपी के बैंक खाते में फ्रॉड के 5 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ था। पुलिस इसकी तह तक पहुंची, तब इसके बैंक खाते में 5 लाख रुपए ही मिले। फिलहाल, रकम फ्रीज करा दी गई है। इससे पहले रतलाम पुलिस जापान और सिंगापुर बेस्ड कंपनियों से 44 लाख रुपए सीज करवा कर वापस भारत लेकर आ चुकी है।**

नागालैंड से पकड़ाए आरोपी किबोतो आई और उसके साथियों ने 266 लोगों से 1.43 करोड़ रुपए की ठगी की है। फ्रॉड केस में यह 10वीं गिरफ्तारी है। हर गिरफ्तारी के साथ गैंग का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। मामले में मणिपुर के दो भाइयों के नाम भी सामने आए हैं। इनकी गिरफ्तारी होनी बाकी है।

इस गैंग ने पाकिस्तान, बांग्लादेश समेत भारत के दूसरे पड़ोसी देशों में भी क्रिप्टो करेंसी (वर्चुअल करेंसी) में इन्वेस्ट के नाम पर लोगों को ठगा है।

### नागालैंड में रतलाम पुलिस का विरोध

किबोतो आई की गिरफ्तारी के लिए रतलाम साइबर सेल प्रभारी अमित शर्मा, इंडस्ट्रियल एरिया थाना जावरा के सब इंस्पेक्टर राकेश मेहरा, नामली थाना के हेड कॉन्स्टेबल राहुल जाट और विनोद माली नागालैंड गए थे। जब रतलाम की पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ आरोपी को पकड़ा, तो लोगों ने इसका विरोध भी किया। पुलिस थाने को घेर लिया। रतलाम एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने वहां के कमिश्नर ऑफ पुलिस से चर्चा की। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर रतलाम लाया जा सका।

### अच्छे रिटर्न का लालच देकर इन्वेस्ट कराया

24 अगस्त 2023 को जावरा के रहने वाले सलीम खान ने इंडस्ट्रियल एरिया थाने में केस दर्ज कराया। कहा- मोहम्मद फैज उर्फ निक्कू, आजम खान, हुजेफा जम्माली बोहरा, आलोक पाल, वाजिद और वसीम ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर 20 लाख 76 हजार की ठगी की है।

इसी समय रतलाम शहर में भी एक केस सामने आया। अशरफ अली की रिपोर्ट पर गोविंद सिंह और संदीप टांक के खिलाफ स्टेशन रोड थाने में 26 लाख 51 हजार 20 रुपए की ठगी की शिकायत हुई।

पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि दोनों ही मामलों में एमटीएफई ऐप के जरिए लोगों से पैसा निवेश कराया गया है। बदले में क्रिप्टोकरेंसी के जरिए 30 प्रतिशत मासिक रिटर्न देने का वादा किया गया। लोग आसानी से पैसा कमाने वाली इस पोंजी स्कीम (फ्रॉड इन्वेस्टमेंट) के झांसे में आ गए।

जालसाजों ने इस स्कीम से 1.43 करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दिया और फिर कंपनी बंद कर दी। पुलिस ने एमटीएफई कंपनी के क्यूआर कोड-ळफउ-20 वॉलेट के एड्रेस को ढूंढ निकाला।

### मणिपुर के दो भाई भी रैकेट का हिस्सा

पुलिस ने साल भर की मेहनत के बाद इंटरनेशनल क्रिप्टो करेंसी प्लेटफॉर्म बाइनेंस से कॉन्टैक्ट कर एक मुख्य क्रिप्टो एक्सचेंज खाते की जानकारी दी। बाइनेंस कंपनी ने रतलाम पुलिस को बताया कि इस खाते में भारत से ठगी के लगभग 40 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है।

# ड्रग इंस्पेक्टर की रोड एक्सीडेंट में मौत

## ट्रक की टक्कर से कार से नीचे गिरे; जन्माष्टमी मनाकर छिंदवाड़ा से लौट रहे थे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

छिंदवाड़ा,(एजेंसी)। छिंदवाड़ा में बालाघाट रोड पर एक्सीडेंट में बालाघाट के ड्रग इंस्पेक्टर की मौत हो गई। ड्रग इंस्पेक्टर विवेकानंद यादव बुधवार शाम 4 बजे छिंदवाड़ा से बालाघाट लौट रहे थे। चौरई बाइपास के पास कार को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा चपटा हो गया। ड्रग इंस्पेक्टर कार से बाहर फिंककर नीचे गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। विवेकानंद यादव पहले छिंदवाड़ा में भी ड्रग इंस्पेक्टर रह चुके हैं। वर्तमान में बालाघाट में पोस्टेड थे। पुलिस के मुताबिक, विवेकानंद कार को खुद ड्राइव कर रहे थे। चौरई बाईपास पर उनकी कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी।

**परिवार के साथ जन्माष्टमी मनाने छिंदवाड़ा आए थे-** विवेकानंद परिवार के साथ जन्माष्टमी मनाने के लिए छिंदवाड़ा आए थे। छिंदवाड़ा में उनकी पत्नी और दो बच्चे रहते हैं। जन्माष्टमी मनाने के बाद वे एक दिन बाद 27 अगस्त को लौटने वाले थे, लेकिन उन्हें परिवार ने रोक लिया था। जिसके बाद वे बुधवार दोपहर में छिंदवाड़ा से बालाघाट के लिए निकले थे।

**स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने जताया दुःख-** विवेकानंद यादव करीब 8 साल तक छिंदवाड़ा में ड्रग इंस्पेक्टर रहे। 1 साल पहले ही उनका तबादला बालाघाट हो गया था। घटना पर स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन (एमपी) ने दुख जताया है।

# दूषित पानी से दो की मौत, 34 भर्ती

## ग्रामीण बोले- अचानक उल्टी-दस्त होने लगे; स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**पांढुर्णा ,(एजेंसी)। पांढुर्णा जिले के बोरपानी गांव में दूषित पानी से दो लोगों की मौत हो गई। 34 लोगों को पांढुर्णा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीएचई विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची है। यहां शिविर लगाकर ग्रामीणों का चेकअप किया जा रहा है।**

मंगलवार देर रात करीब 20 लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी। उल्टी-दस्त होने लगे। रात 2 बजे से सुबह 7 बजे तक सिविल अस्पताल में मरीजों को लाने का सिलसिला जारी रहा। इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई।

बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे के बाद 16 और लोगों की तबीयत बिगड़ने पर एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीएमओ डॉ. दीपेंद्र सलामे ने बताया, उल्टी-दस्त के कारण देवाची उइके (45) और झनका बाई धुर्वे की मौत हुई है। दोपहर 12 बजे तक कुल 34 मरीज भर्ती हुए हैं।

### ग्रामीण ने कहा- ट्यूबवेल से गंदा पानी आ रहा

ग्रामीण छोटेलाल धुर्वे ने बताया, गांव के लोग नदी के पास ट्यूबवेल से पानी पीते हैं। कुछ दिन से ट्यूबवेल से गंदा पानी आ रहा है। हो सकता है इसी पानी को पीने के कारण सभी की तबीयत बिगड़ी।

पीएचई विभाग के एसडीओ सुभाग गाडगे ने बताया, पानी का सेंपल लेकर ट्यूबवेल को बंद कर दिया है। ग्राम पंचायत को गांव में साफ-सफाई और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव करने के निर्देश दिए हैं।

### इनका अस्पताल में इलाज चल रहा

अक्षत पिता सुखदेव इवनाती, शांति संदीप धुर्वे, रोहित विजय धुर्वे, रमफू सीताराम धुर्वे, अमीना रमफू, मनीषा वसंता परतेती, मनोज सुखा उइके, विवेक जागत राम धुर्वे, छोटेलाल मेरे सिंह धुर्वे, कलावती छोटेलाल धुर्वे, वेदांत रजत उइके, रागिनी अलीराम मर्सकोले, रुचिना रमेश उइके, सायली मेंहबाब धुर्वे, पूजा उइके सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## मेरे बाप का बाप भी चोरी में शामिल...तो कार्रवाई करें

# अफसर पर भड़के केंद्रीय मंत्री; रेत चोरी के मामले में लगाई फटकार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**छतरपुर,(एजेंसी)।** रेत चोरी में मेरे बाप का बाप भी शामिल हैं तो उसे पकड़कर कार्रवाई करेंगे। ये कहना है केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक का। वे मंगलवार को छतरपुर में जिला पंचायत के मीटिंग हॉल में आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुए थे। इस दौरान रेत खनन के एक मामले में फरियादी की बात सुनकर उन्होंने खनिज अधिकारी को फटकार लगाई। बता दें कि केंद्रीय मंत्री ने 178 आवेदनों पर सुनवाई की। शिकायत मिलने पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर नाराजगी जताई।

### अधिकारी से बोले- आप लोग क्या देखते हैं?

केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने पूरा मामला सुनने के बाद खनिज अधिकारी अमित मिश्रा से कहा- ह्यरेत चोरी में मेरे बाप का बाप भी शामिल हैं तो उसे पकड़कर कार्रवाई करें, इससे बड़ी बात कोई कह नहीं सकता। कोई व्यक्ति चोरी करके किसी दूसरे का नाम कैसे ले सकता है और आप क्या कर रहे हैं। कोई व्यक्ति एक तो रेत चोरी कर सप्लाई कर रहा है, थर्ड पर्सन का नाम लिखवा दिया जाए। आप लोग क्या देखते हैं? रेत की चोरी इस जिले के लिए शर्मनाक है। मध्यप्रदेश में नहीं, पूरे देश में शर्मनाक स्थिति है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा- ह्यआप आंखों पर पट्?टी बांध कर बैठे हो। कोई अगर अपने आप को निरपराध घोषित करने के लिए, ये दरख्वास्त लेकर आ रहा है कि यह अपराध हमने किया ही नहीं है तो इसका मतलब है कि कहीं न कहीं हमारी गलती है। इस तरह बेधड़क होकर रेत की चोरी भी कर रहे और बेच भी रहे। दूसरे व्यक्ति का नाम आ रहा है।

### भाजपा के पूर्व जिला मंत्री ने की थी शिकायत

केंद्रीय मंत्री ने भाजपा के पूर्व जिला मंत्री लोकेंद्र सिंह की शिकायत पर खनिज अधिकारी को फटकार लगाई थी। लोकेंद्र सिंह ने आवेदन देते हुए बताया था कि 15 दिन पहले हरपालपुर क्षेत्र के बारबई में कुछ उत्खनन करने वाले लोगों ने मुरम खोदकर रेलवे विभाग को बेच दी। ग्राम लहारदा में बालू माफिया ने उत्खनन किया था। जिसकी मैंने खनिज विभाग को शिकायत की। जिस पर खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए 10 किश्ती और 1 लिस्टर को मौके पर जाकर तोड़ा।

लोकेन्द्र सिंह ने बताया- कुछ दिनों पहले बरवाई में उत्खनन कार्य हुआ था जिसकी खबर भी प्रकाशित हुई थी। उसके बाद खनिज माफिया ने मेरा नाम उल्टा पंचनामा में लिखवा कर मुझे ही दोषी बना दिया। जबकि मैंने प्रशासन की मदद की थी। मुझे खनिज अधिकारी ने बुलाया और जानकारी भी ली।

लोकेन्द्र सिंह ने कहा- इसके पहले मेरे ऊपर खनिज विभाग ने ढाई करोड़ का झूठा जुर्माना भी लगाया था। अब फिर से बालू माफिया मेरे खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं। इसीलिए मैं मंत्री के पास शिकायत लेकर आया। जिस पर आश्वासन देते हुए मंत्री ने कलेक्टर के सामने खनिज अधिकारी अमित मिश्रा को फटकार भी लगाई है।

# जीजा की प्रताड़ना से त्रस्त होकर साले ने जहर खाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**उज्जैन,निप्र।** इंदौर गेट क्षेत्र निवासी एक युवक ने उजरखेड़ा क्षेत्र में पहुंच कर अपनी मां को फोन किया और कहा कि जीजा धमकी दे रहा है मैं जहर खाकर आत्महत्या कर रहा हूं,मेरी लाश उठाने आ जाना। इस सूचना के परिजन उजरखेड़ा पहुँचे और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। महाकाल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम पिता राजू झाला आयु 24 वर्ष निवासी इंदौर गेट देवासगेट स्थित ट्रेवल्स पर बुकिंग का काम करता था। उसके चचेरे भाई विशालसिंह निवासी सीहोर ने बताया कि शुभम की बहन सुजाता की वर्ष 2021 में दिल्ली निवासी रोहन से विवाह हुआ था। विवाह के बाद से रोहन पत्नी सुजाता से मारपीट कर प्रताड़ित करता था,इस कारण सुजाता 6 माह पहले मायके आकर रहने लगी थी। पिछले कई दिनों से रोहन सुजाता और शुभम को धमकी देकर प्रताड़ित कर रहा था।शुभम की मां राजदुलारी रक्षाबंधन मनाने अपने भाई के घर सीहोर गई हुई थी। बहन सुजाता घर पर थी। मंगलवार दोपहर शुभम ने अपनी मां राजदुलारी को मोबाइल पर कॉल किया और कहा कि जीजा रोहन फोन पर धमकी दे रहा है। मैं उससे परेशान हो चुका हूं इसलिए अब जहर खाकर आत्महत्या कर रहा हूं। मेरी लाश उठाने आ जाना। इसके पश्चात राजदुलारी ने सीहोर से उज्जैन में रहने वाले परिजनों को इसकी सूचना दी तो शुभम का भांजा हिमांशु तोमर उजरखेड़ा हनुमान मंदिर क्षेत्र में पहुंचा और वहां से शुभम को लेकर अस्पताल पहुंचा। यहां उपचार के दौरान शुभम की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जाँच की जा रही है।

# संपादकीय

## देर रात सड़कों पर गाड़ियां नहीं यमदूत

महानगरों की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वे हर आदमी को ठिकाना मयस्सर नहीं करा पाते। वहां लोगों को गुजारे का कोई जरिया भले मिल जाए, पर हर किसी को सिर पर छत नसीब नहीं हो पाती। लाखों लोग दिन भर दिहाड़ी करके, रिक्शा-रेहड़ी-ठेला खींच कर या भीख मांग कर किसी तरह गुजारे भर की आमद तो कर लेते हैं, पर रात गुजारने के लिए उन्हें फुटपाथों पर खुले आसमान या उपरिगामी पुलों के नीचे, खाली बंद दुकानों के बाहर कोई जगह तलाशनी पड़ती है। इस तरह इन्हें मौसम की मार तो झेलनी ही पड़ती है, अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के नीचे आकर दम तोड़ देने या अपंग होने का खतरा भी बना रहता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर स्थिति में भर्ती कराना पड़ा। ऐसे हादसों की खबरें कुछ-कुछ समय पर हर महानगर से मिल जाती हैं। हर घटना के बाद सवाल उठता है कि आखिर इस तरह सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर सोने वालों के लिए कोई सुरक्षित इंतजाम क्यों नहीं किया जाता। हालांकि अनियंत्रित वाहनों के सड़कों के बीच की जगहों और फुटपाथों पर चढ़ने से रोकने की गरज से बहुत सारी जगहों पर लोहे की मजबूत बाड़ लगाई जाती है, मगर बहुत सारी जगहों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई आदि शहरों में सड़कों पर रात में भी आवाजाही लगी रहती है। रात के वक्त शहरों की सड़कें खासकर माल ढुलाई वाले वाहनों के लिए खोल दी जाती हैं। इसके अलावा, बहुत सारे युवा देर रात को शराब पीकर वाहन दौड़ाना अपनी शान समझते हैं। वाहनों के अनियंत्रित होकर फुटपाथों पर चढ़ जाने की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होती पाई गई हैं। हालांकि दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है, इसके बावजूद बहुत सारे वाहन चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना कठिन बना हुआ है। देर रात को उनकी मनमानी और बढ़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था पर तो प्रश्नचिह्न लगता ही है, रोजी-रोजगार की तलाश में हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले लोगों के लिए रहने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार की जरूरत रेखांकित होती है। अनेक मौकों पर यह बात कही जाती रही है कि बढ़ते पलायन और महानगरों पर उसके बढ़ते बोझ की वजह से सरकारों के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना चुनौती है। इसके समाधान की दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। मगर न तो सरकारों ने रोजी-रोजगार के साधनों के विकेंद्रीकरण पर गंभीरता से विचार किया, न महानगरों में सबके रहने के ठिकाने उपलब्ध कराने की व्यावहारिक पहल हो पाई। दिल्ली में रैन बसरे बनाए तो गए, मगर उनकी क्षमता इतनी नहीं है कि लोगों को फुटपाथों पर सोने को मजबूर न होना पड़े। उनमें भी जरूरी सुविधाओं के अभाव की शिकायतें आती रहती हैं। दरअसल, महानगरों में बेआसरा लोगों के बारे में कोई व्यावहारिक नीति बनाने के बारे में सोचा ही नहीं गया। अगर जगह-जगह, थोड़े शुल्क के साथ भी, धर्मशाला जैसी रात गुजारने की जगहें बना दी जाएं, तो लोगों के जिंदगी जोखिम में डाल कर फुटपाथ पर सोने से काफी हद तक निजात दिलाई जा सकती है।

### अर्ज़ किया है..!

*जो उन मासूम*
*आँखों ने दिए थे*
*वो धोके आज तक*
*मैं खा रहा हूँ*

-फ़िराक़ गोरखपुरी

## OSHO कहिन

"वो लोग जो कुछ भी बनने के लिए तैयार नहीं हैं, प्रेम कर सकते हैं।"



### धर्म-कर्म

# अजा एकादशी व्रत कथा, इसके पाठ से अश्वमेध यज्ञ का मिलता फल



**युधिष्ठिरने पूछा-** जनार्दन । अब मैं यह सुनना चाहता हूं कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष में कौन-सी एकादशी होती है ? कृपया बताइये ।

भगवान श्रीकृष्ण बोले- राजन् ! एकचित होकर सुनो। भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की एकादशी का नाम 'अजा' है, वह सब पापोंका नाश करनेवाली बतायी गयी है। जो भगवान् हृषीकेशका पूजन करके इसका व्रत करता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। पूर्वकालमें हरिश्चन्द्र नामक एक विख्यात चक्रवर्ती राजा हो गये है, जो समस्त भूमण्डलके स्वामी और सत्यप्रतिज्ञ थे। एक समय किसी कर्मका फलभोग प्राप्त होनेपर उन्हें राज्यसे भ्रष्ट होना पड़ा। राजाने अपनी पत्नी और पुत्र को बेचा। फिर अपने को भी बेच दिया। पुण्यात्मा होते हुए भी उन्हें चाण्डाल की दासता करनी पड़ी। वे मुदांका कफन लिया करते थे। इतनेपर भी नृपश्रेष्ठ हरिश्चन्द्र सत्यसे विचलित नहीं हुए। इस प्रकार चाण्डाल की दासता करते उनके अनेक वर्ष व्यतीत हो गये। इससे राजा को बड़ी चिन्ता हुई। वे अत्यन्त दुःखी होकर सोचने लगे - 'क्या करूं? कहां जाऊं? कैसे मेरा उद्धार होगा?' इस प्रकार चिन्ता करते-करते वे शोक के समुद्रमें डूब गये। राजा को आतुर जानकर कोई मुनि हैं उनके पास आये, वे महर्षि गौतम थे। श्रेष्ठ बाहह्मण को आया देख गुपत्रेहने उनके चरणों में प्रणाम किया और दोनों हाथ जोड़ गौतम के सामने खड़े होकर अपना सारा दुःसमय समाचार कह सुनाया। राजा की बात सुनकर गौतम ने कहा- 'राजन् ! भादों के कृष्ण पक्ष में अत्यन्त कल्याणमयी 'अजा' नाम की एकादशी आ रही है, जो पुण्य प्रदान करने वाली है। इसका व्रत करो। इससे पाप का अन्त होगा। तुम्हारे भाग्य से आज के सातवें दिन एकादशी है। उस दिन उपवास करके रात में जागरण करना ।'

ऐसा कहकर महर्षि गौतम अन्तर्धान हो गये। मुनि की बात सुनकर राजा हरिश्चन्द्रने उस उत्तम व्रत का अनुष्ठान किया। उस व्रतके प्रभावसे राजा सारे दुःखों से पार हो गये। उन्हें पत्नीका सत्रिधान और पुत्रका जीवन मिल गया। आकाशमें दुन्दुभियां बज उठीं। देव लोक से फूलों की वर्षा होने लगी। एकादशी के प्रभाव से राजा ने अकण्टक राज्य प्राप्त किया और अन्तमें वे पुरजन तथा परिजनोंके साथ स्वर्गलोकको प्राप्त हो गये। राजा युधिष्ठिर ! जो मनुष्य ऐसा व्रत करते हैं, वे सब पापोंसे मुक्त हो स्वर्ग लोक में जाते हैं। इसके पढ़ने और सुनने से अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है।

Jammu & Kashmir

# कश्मीर में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, 3 आतंकवादियों को मार गिराया

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की बढ़ती चुनौती के बीच सुरक्षाबलों ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। कुपवाड़ा जिले में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम तीन आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की चिनार कोर ने इसकी जानकारी दी है। उनके मुताबिक, कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। वहीं, कुपवाड़ा के ही तंगधार सेक्टर में एक अन्य आतंकवादी को मार गिराया गया।

आपको बता दें कि 28-29 अगस्त की मध्य रात्रि को तंगधार सेक्टर में आतंकवादियों के देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने एक बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी



दौरान माछिल सेक्टर में भी एक ऑपरेशन चलाया गया। 57 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के सैनिकों ने इलाके में दो से तीन आतंकवादियों को देखा था। इसके अलावा, राजौरी जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच तीसरी मुठभेड़ शुरू हुई। यहां तीन से चार आतंकवादियों के छिपे होने का संदेह था। भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'घुसपैठ की संभावना के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 28-29 अगस्त की रात को कुपवाड़ा के तंगधार क्षेत्र में एक ऑपरेशन शुरू किया। इसमें एक आतंकवादी के मारे जाने की संभावना है।' उन्होंने एक और पोस्ट में कहा, 'भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 28-29 अगस्त की रात को कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया।

Uttarpradesh

## 500 मीटर दूर थाना और भीड़-भाड़ वाला बाजार... सुल्तानपुर में दिनदहाड़े 2 करोड़ का सोना-चांदी लेकर ऐसे फरार हुए बदमाश



**सुल्तानपुर, (एजेंसी)** सुल्तानपुर के ठठेरी बाजार में जिस ज्वेलरी शॉप पर दिनदहाड़े डकैती डालकर दो करोड़ रुपये की लूट को अंजाम दिया गया, वो शॉप पुलिस थाने से महज 500 की दूरी पर है. इस वारदात को अंजाम देने के नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर दुकान के अंदर घुसे और 10 से 15 मिनट में ही इतनी बड़ी लूट को अंजाम दे दिया. उसके बाद पिस्टल लहराते हुए बाइकों से भाग गए.

दुकान के सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि दुकान में डकैती की इस वारदात को पांच बदमाशों ने अंजाम दिया था. इनमें से कुछ बदमाश हेलमेट लगाकर आए थे तो कुछ ने कपड़े से अपना चेहरा ढका हुआ था. उनके हाथों में पिस्तौलें थीं. दुकान से सोना-चांदी के जेवर और कैश उठाने के बाद वो दुकान से फरार हो गए. पीड़ित कारोबारी भरत सोनी ने पुलिस को बताया कि दुकान में घुसते ही डकैतों ने पिस्तौलें तान दीं और वहां मौजूद सभी लोगों का सिर झुका दिया. फिर सीधे लॉकर और कैशबॉक्स तक पहुंच गए. सिर नीचे किए जाने की वजह से कोई भी डकैतों का हुलिया नहीं देख सका. इतना ही नहीं डकैतों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर ले जाने की कोशिश भी की. दुकान में डकैती ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस ने आगे की जांच-पड़ताल के लिए डीबीआर को अपने कब्जे में ले लिया है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ज्वेलर्स ने पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसमें दो करोड़ रुपये की ज्वेलरी की लूट बताई है.

Bihar

## चोरी के आरोपी का हाथ बांध प्राइवेट पार्ट में डाला मिर्च पाउडर, पुलिस ने 5 को किया अरेस्ट

**अररिया, (एजेंसी)** अररिया में चोरी के आरोप में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई थी. इसके बाद उसके हाथ रस्सी से बांधकर उसके प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डाल दिया गया था. इस अमानवीय कृत्य का वीडियो काफी वायरल हो रहा. इस घटना पर सियासी घमासान शुरू होने के बाद पुलिस ने भी एक्शन लिया है. अररिया पुलिस ने इस घटना में पीड़ित के साथ हुए बर्ताव को अमानवीय बताया है. साथ ही वायरल वीडियो में ऐसा करने वाले लोगों की पहचान कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इससे पहले मंगलवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था. इस तरह अब तक पांच आरोपियों को अरेस्ट किया जा चुका है. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने लोगों से ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करने की अपील की है. क्योंकि ऐसा करने से पीड़ित शख्स के आत्मसम्मान को ठेंस पहुंचती है. पुलिस ने कहा कि आगे से अगर कोई इस वीडियो को या ऐसे वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करता है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी.

New Delhi

## यूपी-बिहार, जम्मू-कश्मीर समेत 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट; गुजरात के 18 जिलों में बाढ़

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुजरात, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम राजस्थान, केरल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर समेत 14 राज्यों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के इलाकों में बुधवार देर रात से ही बारिश हो रही है। बरसात के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जाहिर किया है। बारिश के अलावा गुजरात में बाढ़ के कारण लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। बारिश और बाढ़ जनित हादसों में अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। गुजरात के कई जिलों में सेना तैनात करने की नौबत आ गई है। 10 से अधिक ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है।

राजस्थान में भी कई स्थानों पर आंधी के साथ भारी बारिश दर्ज की गई। माउंट आबू में सबसे अधिक 88.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। गंगानगर और सिरोही जिलों में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य में सितंबर के पहले हफ्ते में भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बुधवार को छह साल की बच्ची शाजिया बानो का शव मिला। बच्ची का शव उसके डूंगर धंदला गांव से तीन किमी नीचे बरामद किया गया। इससे बादल फटने की घटना में मृतकों की संख्या तीन हो गई, जबकि शेष चार लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है।

बिहार के पटना में गंगा के जलस्तर के खतरे के निशान के पार पहुंचने के चलते ग्रामीण इलाकों में 76 सरकारी स्कूलों को 31 अगस्त तक के लिए बंद कर दिया गया है।

खेल

# आईसीसी रैंकिंग : टेस्ट रैंकिंग में कोहली-यशस्वी को हुआ फायदा, रोहित एक पायदान खिसक कर इस स्थान पर पहुंचे

**दुबई, (एजेंसी)** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को आईसीसी की जारी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है। हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा को एक स्थान का नुकसान हुआ है। कोहली दो स्थान के फायदे के साथ बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि यशस्वी भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। यशस्वी एक स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रोहित छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

**रूट शीर्ष पर बरकरार, बाबर को भारी नुकसान-** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड में 56 और 32 रन की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीन स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम,




ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रोहित को पीछे छोड़ा। बाबर को छह स्थान का नुकसान हुआ है और वह संयुक्त तीसरे से नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट में वह नाकाम रहे थे। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पहले टेस्ट में शतक की बदौलत सात स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम भी सात स्थान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ 17वीं रैंकिंग पर हैं।

**गेंदबाजों में शीर्ष पर अश्विन-** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स चार स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो 10 स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह चार स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर और इंग्लैंड के गस एटकिंसन चार स्थान के फायदे से 42वें स्थान पर आ गए और इन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। ऑलराउंडरों की सूची में जडेजा और अश्विन शीर्ष दो स्थान पर हैं, जबकि अक्षर पटेल छठे पायदान पर हैं।

सिनेमा

## कोलकाता रेप केस में अरिजीत सिंह ने मांगा न्याय, गाने में छलका दर्द, पूछा- ये कब खत्म होगा?



कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर संग हुई बर्बरता ने देशभर के लोगों को हिला दिया है. रेप-मर्डर मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है. आम जनता हो या सेलेब्स सभी पीड़ित परिवार के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं. अब बॉलीवुड के मशहूर सिंगर अरिजीत सिंह भी कोलकाता मामले पर विरोध जताते नजर आ रहे हैं. उन्होंने हादसे को लेकर एक गाना तैयार किया है, जिसके जरिए वो कोलकाता में चल रहे आंदोलन का हिस्सा बन गए हैं. कोलकाता में बलात्कार और हत्या की घटना के बाद पूरे देशभर में आक्रोश का माहौल है. अब अरिजीत सिंह आंदोलन के समर्थन में आए हैं और अपने नए बंगाली गीत 'आर कोबे' के साथ न्याय की मांग की है. उन्होंने इस गाने को लॉन्च करते हुए ये भी कहा है कि ये प्रोटेस्ट सॉन्ग नहीं, बल्कि कार्रवाई का आह्वान है. 'आर कोबे' का मतलब है कि ये कब खत्म होगा. इस गाने को अरिजीत ने ना सिर्फ अपनी आवाज दी है, बल्कि उन्होंने इसे लिखा और कंपोज भी किया है. अरिजीत ने गाने का वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया है. गाने में अरिजीत के अंदर के दर्द को महसूस किया जा सकता है. 'आर कोबे' सॉन्ग तीन मिनट का है, जो आपके रोंगटे खड़े कर देता है.



## Highlights

1. **Body of Sheikh Hasina's party leader Ishaque Ali found in India**
2. **Online passport portal to be shut for 5 days from 8 pm today**
3. **Actor Mukesh booked for rape after actress' complaint**
4. **Why is August 29 celebrated as India's National Sports Day?**
5. **Was just told to work on Shivaji Maharaj statue platform: Engineer**
6. **Sunder Arora, who joined BJP 2 years ago, quits to join Congress**

# Decoding Proton Docs and Zoom Docs suites, mounting a challenge to Google Docs

**NEW DEIHI, (Agency).** After many years of unfettered dominance, Google Docs may have a genuine competition to worry about. For writers able to get work done on a document editor within a web browser, Google's Docs, Sheets and Slides represented the benchmark tool, even though Microsoft tried, with a similar digital paper proposition with Microsoft 365 (formerly Office). In the past few weeks, a more meaningful challenge has been mounted by tech companies you wouldn't have immediately known. Zoom Docs and Proton Docs may prove significant since they're an extension of platforms that already have a large user base.

Popular video conferencing platform Zoom, not content with being known for just that, has rolled out Zoom Docs. The privacy focused software company Proton, that already has Mail, Pass password manager and Drive cloud storage, is adding Proton Docs to that proposition. HT has earlier detailed Proton's efforts to build an ecosystem of apps and services that becomes a viable alternative for Google or Microsoft's services. From our experience with Proton Docs and Zoom Docs, the checklist is being ticked off successfully more often than not, but there is still some way to go before either is able to add all functionality you'd expect.

Proton's expected privacy focused approach extends from Drive to Docs as well, within which the latter resides. "Online document editors have become a core productivity tool, used for everything from private journals to sensitive business strategies. The problem is that most companies offering document editors today are the same Big Tech companies that collect and monetize your private information," Anant Vijay, the Product Lead for Proton Mail and Drive, said in a statement.

Its integration follows a template that works, for storage and editing in one place. The first iteration of Proton Docs has most basics you'd expect – rich text formatting options, document collaboration and multiple format support. The main toolbar placed atop the document has a clutter free layout, and unless you are used to the Microsoft Word desktop app, the limited font style support wouldn't be much of a problem. A word count meter anywhere in sight, which may be a problem if you've to keep tabs on how much you've written.

# Warren Buffett led Berkshire Hathaway becomes first US non-tech company to cross $1 trillion market cap

**NEW DEIHI, (Agency).** Berkshire Hathaway Inc., the conglomerate led by American Businessman Warren Buffett, has made history by becoming the first U.S. non-tech company to surpass the USD 1 trillion mark in market capitalisation.




The stock price of Berkshire Hathaway surged by USD 3.96 on the New York Stock Exchange, closing at USD 464.59 per share on Wednesday.

With this milestone, Berkshire Hathaway joins an exclusive group of six other companies, primarily from the technology sector, that have crossed the USD 1 trillion threshold. This list includes Apple, Nvidia, Microsoft, Alphabet (the parent company of Google), Amazon, and Meta Platforms (the parent company of Facebook).

The stocks of Berkshire Hathaway have seen significant growth this year, appreciating by more than 28 per cent on the New York Stock Exchange.

Despite this achievement, the broader U.S. stock markets faced a downturn on Wednesday. Both the S&P 500 and the Nasdaq indices declined, largely due to profit-taking by investors.

This market pressure in the U.S. had a ripple effect across Asian markets, where major indices also faced selling pressure on Thursday morning.

# हॉकी खिलाड़ी पर बना रहा था शादी का दबाव

## बस से उतरते ही पीछा करता था, पीड़िता पुलिस के पास पहुंची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में एक हॉकी खिलाड़ी छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी उसके घर के नजदीक ही रहता है। वह आते-जाते छात्रा का पीछा करता था। आरोपी युवक शादी के लिए दबाव बना रहा था। पीड़िता ने अपने परिवार को बताया और थाने जाकर आरोपी की शिकायत कर दी।**

आजाद नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 18 साल की छात्रा की शिकायत पर शाहरुख पठान के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया है। छात्रा ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह भंवरकुआ इलाके के कॉलेज में पढ़ाई करती है। वही हॉकी की खिलाड़ी है। हर दिन बस से आती जाती है। शाहरुख पठान भी उसी इलाके में रहता है, इस कारण दोनों एक-दूसरे को जानते हैं। मैं बस से उतरती तो वह मेरा इंतजार करता है। बस से उतरकर घर जाती हूं तो पीछा करता है। कुछ दिन तक तो मैंने उसे इग्नोर किया। लेकिन मंगलवार को हॉकी खेलने के बाद अपने बस से आजाद नगर इलाके में पहुंची।

यहां बस से उतरी तो शाहरुख कुछ दूरी पर सामने आ गया। उसने कहा कि वह उसे पसंद करता है। वह शादी करना चाहता है। छात्रा यह कहते हुए आगे बढ़ गई कि उसे इन बातों से कोई मतलब नहीं है। लेकिन शाहरुख ने कहा कि शादी करना पड़ेगी। नहीं तो जान से खत्म कर देगा। इसके बाद छात्रा ने अपने मामा को पूरा घटनाक्रम बताया और थाने जाकर शाहरुख के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी।

# फर्जी दस्तावेजों से दिया धोखा, पार्टनर के खिलाफ दर्ज कराया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कंपनी में 51 फीसदी हिस्से वाले पार्टनर ने 49 फीसदी हिस्से वाले पार्टनर के फर्जी साईन से बनाए दस्तावेज बैंक में जमा कर खुद को बैंकिंग के लिए अधिकृत कर धोखाधड़ी कर दी। कनाडिया पुलिस ने फरियादी राजेश पिता कल्याणमल अग्रवाल नि. आनंदनगर चितावद की शिकायत पर हरितपालसिंह पिता सुरेन्द्रसिंह होरा नि. प्रगतिविहार के खिलाफ धोखाधड़ी सहित केस दर्ज किया है। फरियादी के अनुसार वह हरितपालसिंह के साथ नर्मदा रिसोर्सेस के नाम से स्टोन क्रशर, सिविल कांट्रेक्टर आदि का काम करते थे। इसी दौरान दोनों ने मिलकर एक हार्ड राक प्रा.लि. कंपनी बनाई, जिसमें हरितपाल के 51 तथा राजेश अग्रवाल के 49 फीसदी हिस्सेदारी थी। फरियादी का आरोप है कि 2023 में आरोपी ने फर्जी बोर्ड मीटिंग आयोजित कर फर्जी साइन कर बैंक में अकाउंट संचालन में मेरा नाम हटवा दिया और कई ट्रांजेक्शन कर धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने आवेदन की जांच के उपरान्त केस दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक